N.S.S. about a thousand employees are not thrown out of employment and disbursed throughout the country in these hard days, and the Government should not proceed with this matter

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Madam, we will look into this

THE DEPUTY CHAIRMAN : The question is:

"That the Bill be passed"

*The motion was adopted.*

---

RESOLUTION *RE* PROCLAMATION UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION IN RELATION TO THE STATE OF UTTAR PRADESH

THE DEPUTY CHAIRMAN : Now we pass on to the next item—Resolution

SHRI OM MEHTA (Jammu and Kashmir) Madam, before the hon Minister moves the motion may I request that the Resolution and the Bill relating to Uttar Pradesh may be taken up together?

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : No, no

THE DEPUTY CHAIRMAN : That will depend on the consensus and desire of the House

SHRI BHUPESH GUPTA : It is quite possible that I may want to support the Proclamation and oppose the Bill of this kind One is different from the other One is an arrangement and the other is a big political question It does not matter if they are taken up separately We will finish the work in the same time

THE DEPUTY CHAIRMAN : May I remind hon Members that they should not repeat the same arguments in their speeches

SHRI BHUPESH GUPTA You see me every day, Madam, we do repeat in life. What else is life without repetition Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN Yesterday we took them separately and today I am willing to take them up separately provided we finish them by five o'clock. Now let us start.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) Madam, I beg to move:

> That this House approves the Proclamation issued by the President on the 25th February, 1968, under article 356 of the Constitution in relation to the State of Uttar Pradesh."

SHRI BHUPESH GUPTA : Say Proclamation on the advice of Mr C B Gupta

SHRI CHANDRA SHEKHAR (Uttar Pradesh) A Proclamation caused by the work of all the Opposition parties, because of the sabotage brought about by Comrade Gupta and his party and not by Mr. C B Gupta

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA. Madam though it may be futile and useless but I would appeal to hon Members not to bring in politics into this matter

SHRI BHUPESH GUPTA : Why?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : I mean party politics I say this because this is a matter which is not liked by any of us I do not think hon Members on that side like it any better than we on this side Here the situation that was brought about in Uttar Pradesh makes very painful reading It is a painful story in Uttar Pradesh and I do not want to repeat that story here in detail Still I think I will have to trace the events which led to this tragic state of affairs in the biggest State of the country, namely, U P

SHRI BHUPESH GUPTA : I hope it will not be politics

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : Well, it will not be politics I will only say what you have been saying about your other friends and what those friends have been saying about you I shall only give the opinion that you have about each other.

SHRI BHUPESH GUPTA : Then I will want to say what opinion we have about you

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: That we are accustomed to hear. You have full liberty to say that.

Madam, I will only show how after the last general election the hopes of the people of Uttar Pradesh were belied by the unseemly competition for power in Uttar Pradesh. It is well known that the Indian National Congress which was running the Government before the general elections did not get an absolute majority in the legislature of Uttar Pradesh in the last general elections, but still it emerged as the largest single political party. It had about 197 members in a House of 425. The other parties trailed well behind. The Jana Sangh was the next largest party with 96 or 97 members, then came the Samyukt Socialist Party with 45, the rest were much less with 15, 14, 1, 2, 3 something like that. But when they found that they had within their grip this possibility of catching power in Uttar Pradesh they threw to winds all their programmes with which they had gone to the people asking for votes, they threw to winds all their professions which they have been preaching . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: Madam, these are not politics.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You will get your turn.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Madam, as I said. I am only repeating the things that they have been saying about themselves. I am not giving my own opinion about it. After doing all this they formed a legislature party which was called the Samyukt Vidhayak Dal. Madam, normally we see in parliamentary democracies the leader of the largest party even in a coalition is elected leader but according to their wisdom and according to their judgment they elected a leader who is a very honourable man by himself but who had a very very small following in this newly constituted Dal.

SHRI BHUPESH GUPTA: Madam, fancy Mr. Shukla saying, after getting three puppets, that . . .

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I do not know why Mr. Bhupesh Gupta gets so restive about truth. Whenever truth is being spoken here he gets restive. He cannot afford to hear truth, I am very sorry for him but he should hear the truth quietly some time at least.

(*Interruptions*)

SHRI BHUPESH GUPTA: I say that you have done in three cases . . .

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Madam, I am in possession of the floor. I should be allowed to go on.

Then they formed a Ministry there and within a month or two the internal contradictions and the stresses and strains came to the surface and they started falling apart. I say it is a very tragic thing; it is a very unfortunate thing. We wish they had gone on as well as they started. They started with all kinds of praises for each other; they started with raising lots of hopes for the people of Uttar Pradesh that they were going to give them deliverance; after twenty years of Congress rule they were going to give the people of Uttar Pradesh a lot of benefits. I wish they had done something because who would object to any Government doing good to the people? But unfortunately when they started functioning, when they started running the Government, it was not the Congress which started making allegations against the SVD Government but it was the constituent parties of the SVD themselves which started abusing each other and calling each other names. First of all, a party which is quite a big party in Uttar Pradesh, the Samyukt Socialist Party, started saying that the Chief Minister is acting in an anti-people way and is not serving the people. And they started demanding his resignation. After some time the Jana Sangh followed and then other parties followed. This was the state of the U.P. politics. They were hurling allegations against each other, calling each other names, calling the Chief Minister anti-people

and saying that the parties were only benefiting themselves and not the Government. After this phase was over the parties began to fall apart. The first to leave the SVD Government was the Swatantra Party. As the House would realise it was a very odd combination with the Swatantra Party and Mr. Bhupesh Gupta's party sitting together and trying to run a Government. Again Mr. Bhupesh Gupta's party was sitting along with Jana Sangh. Their professions, their programmes, their political angles are so widely different, are so widely contrary to each other; still it appeared for the sake of power they were all sitting together. But they could not do it for long and they started falling apart. First of all, the Swatantra Party went out of the Government; then in a sequence it was followed by other parties. When this happened the Chief Minister felt that it would not be possible for him to carry on the governance of Uttar Pradesh. There were many other causes but I do not want to take the time of the House over them because we have very limited time at our disposal. After some time the Chief Minister submitted his resignation to the Governor and it was accepted by the Governor. Yet, we know if the SVD had elected a leader by a unanimous choice ...

SHRI BRAHMANANDA PANDA (Orissa): I want to remind the Minister. He was talking about the strange companionship of the Swatantra and the Communists sitting together but this type of companionship was started by the Congress in Kerala with the Muslim League when they wanted to prevent the Communists forming the Government. I want to remind him that it is all their doing and it was they who started it.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Madam, I was saying that the Chief Minister after having got absolutely fed up with the coalition there resigned and after his resignation the ruling SVD was not able to elect a leader who could go to the Governor and ask for being requested to form a Government The SVD did elect a leader but that was not by a unanimous choice. Several constituents of the SVD kept away from that choice and later on denounced that particular election After that the leader of the Congress Party also met the Governor and told him that he was in a position to form a Government. He claimed he was in a position to form a Ministry and the SVD also claimed that they could form a Ministry there. The Governor after assessing the entire political situation came to the conclusion that there was no party which was capable of forming a stable Ministry in the State of Uttar Pradesh. I need not go into the reasons that the Governor had in his mind because they are very well stated in the report which he sent to the President and that report has been laid on the Table of the House and I am quite sure that hon. Members must have gone through it. Because of all these things with greatest reluctance we had to impose President's rule in the State of Uttar Pradesh and suspend the Assembly. The reason why we suspended the Assembly instead of dissolving it is apparent; there is still some possibility that some political adjustment may come about and one party or the other may be able to form a Government. As we have already said, we are averse to imposing President's rule for a long time on any State. We would like to have the period of President's rule as short as possible and that is why in the hope that it would be possible soon to have a stable Ministry formed in Uttar Pradesh we have only suspended the legislature. In the meantime we would like this hon. House to approve the Proclamation. Subsequently I will also be moving for the passage of a Bill which will enable a Consultative Committee to come about so that as long as the President's rule continues in Uttar Pradesh, hon. Members of this House and of the other House will have an opportunity to look after its affairs. I hope, as hon. Members would also hope, that soon we

[Shri Vidya Charan Shukla]
would be able to put an end to President's rule in Uttar Pradesh and a popular Government will again be installed. I would request the hon. House to approve the Proclamation of the President.

*The question was proposed.*

SHRI BHUPESH GUPTA: Madam, on a clarification ...

HON. MEMBERS: No, no.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Are you speaking on this?

SHRI BHUPESH GUPTA: I will speak later on. Clarification I can ask now. (*Interruptions*) You must understand that a clarification I can be asked at any time. Did Mr. C. B. Gupta meet the Central Government and the Central Congress leaders prior to and immediately after the Proclamation and make a suggestion that it was the right arrangement in order to give him a chance soon to come back to power?

SHRI R. T. PARTHASARATHY (Madras): Who are you to question our Congress leaders?

(*Interruptions*)

SHRI NIREN GHOSH (West Bengal): Tamilnad you have finished.

(*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Order, order.

SHRI A. M. TARIQ (Jammu and Kashmir): He is not a left or right Communist.

SHRI BHUPESH GUPTA: Hon. Members need not get excited. I have not addressed the question to you.

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) : माननीया, शुक्ल जी ने जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया है मैं उसका घोर विरोध करता हूं। मैं सदन के सम्मानित सदस्यों को आपके द्वारा यह विनम्रता से निवेदन करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की स्थिति को बंगाल या हरियाणा या राजस्थान इन राज्यों से अलग कर के न देखा जाय। जो केन्द्र की कांग्रेसी सरकार की बेढंगी रफ्तार है बंगाल के लिये वही बेढंगी रफ्तार है उत्तर प्रदेश के लिये। प्रकारांतर से अगर देखेंगे तो बात समझ में आयेगी अन्यथा बात समझने में दिक्कत होगी।

मैं शुक्ल जी के बारे में इतना जरूर कहना चाहूंगा कि उन्होंने कुछ कोशिश की है उत्तर प्रदेश की समस्या को समझने की, मगर समझने में इतनी गलती कर गये हैं जितनी गलती एक केन्द्र के मंत्री को नहीं करनी चाहिए। यह बिल्कुल सही है कि उत्तर प्रदेश में जो कांग्रेस की सरकार थी चुनाव के पहले वह सड़ी हुई सरकार थी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार शुद्ध रूप में जनतन्त्र, कानून और संविधान की हत्या करने वाली सरकार थी। उत्तर प्रदेश में जितनी चोरी, जितने डाके, जितने कत्ल, जितने दंगे, जितनी राहजनी, जितनी शराबखोरी, जितनी वेश्यावृत्ति, जितने भिखमंगे और जितने रिक्शा चालक बढ़े थे कांग्रेस के राज्य में उतने और कभी नहीं बढ़े थे। उत्तर प्रदेश में लगातार कांग्रेस के शासन में चुनाव के पूर्व जबरदस्त आंदोलन हुये। 12 जुलाई, 1966 को देखा जाय सारा उत्तर प्रदेश बन्द था। कांग्रेस की सरकार परस्पर विरोधी पार्टियों को खड़ा कर कर के अपनी सत्ता को चलाने के लिये दुष्प्रयास करती रही थी, मगर उत्तर प्रदेश की जनता ने एक बात को कायम रखा कि जिस कांग्रेस की सरकार ने उत्तर प्रदेश में अकाल दिया, जिस कांग्रेस की सरकार ने उत्तर प्रदेश में भुखमरी दी, जिस कांग्रेसी सरकार ने उत्तर प्रदेश में महामारी दी, जिस कांग्रेस की सरकार ने उत्तर प्रदेश में टैक्सों का भार दिया, जिस कांग्रेस की सरकार ने उत्तर प्रदेश में फिजूलखर्ची का बढ़ावा किया उस कांग्रेसी सरकार को हर तरह से गिराना जरूरी है। इस सब का लब्बोलुबाब और नतीजा यह आया कि उत्तर प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई,

वह बहुमत में चुन कर नहीं आई जिससे वह सरकार बना पाती। मगर मुझे अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि वहां के उस समय के राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश की सरकार चलाने के नाते से श्री चन्द्रभानु गुप्त को सरकार बनाने के लिये बुला लिया और अल्पमत में रहते हुये भी, उचित संख्या न रखते हुये भी कांग्रेस की सरकार उत्तर प्रदेश में बन गई जो करीब 15 दिन चली।

मैं अपने मित्र जो यहां गैर-कांग्रेसी दलों के बैठे हैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की जो दृष्टि है आप भी परखें और परख कर के उस पर चलने की कोशिश करें। जो बात चुनाव के बाद मानी गई वही बात चुनाव के पहले मानी गई होती तो श्री शुक्ल जी आज वहां पर विराजमान न होते, आज वहां पर भूपेश गुप्त जी और दूसरे लोग विराजमान होते और ऊंचे ओहदे के साथ विराजमान होते। यही एक पार्टी थी जिस पार्टी ने कहा था कि कांग्रेस की मानोपली, सत्ता पर एकाधिपत्य बीस साल से चला आ रहा है। इस लिये कांग्रेस की इस राक्षसी सरकार को खत्म करने के लिये जितनी गैर-कांग्रेसी पार्टियां हैं सब को चुनाव में तालमेल कर लेना चाहिए। यह संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी थी जिसने चुनाव के पूर्व यह नारा दिया था मगर चुनाव के पूर्व जिस तत्परता और दत्तचित्तता के साथ उस कार्यक्रम को अपना करके सभी विरोधी पार्टियों को चलना चाहिये था अफसोस है कि उस तरह से वे नहीं चलीं। हमारे ठेंगड़ी जी की जन संघ पार्टी कहने लगी कि कम्युनिस्ट पार्टी बैठेगी तो हम नहीं बैठेंगे, कम्युनिस्ट पार्टी कहने लगी कि जनसंघ पार्टी बैठेगी तो हम नहीं बैठेंगे और इस प्रकार यह कार्यक्रम चल नहीं पाया। (*Interruption*) हमने इनको बुद्ध की एक कथा सुना दी कि मान लो एक हिरन है, उसको तीर लगा है कलेजे में, हिरन कराह रहा है और कोई मनुष्य वहां गया तो पहले वह क्या करेगा। लोगों ने कहा कि तीर निकालेगा। तो हम ने कहा कि उसी तरह से आज कांग्रेसी सरकार रूपी शिकारी का तीर जनता के कलेजे में लगा हुआ है और अगर इंमान हो तो इस कांग्रेसी सरकार रूपी तीर को तोड़ कर फेंक दो तब जनता के अन्दर जो दबी हुई शक्तियां है वे उठ करके आगे आयेंगी। मगर हमारे उस अकाट्य तर्क को लोगों ने नहीं माना। हमने उनसे यह भी कहा कि यह हम बाद में देखेंगे कि यह तीर कहां से आया, किसने मारा, क्यों मारा, इस समय जनता कराह रही है, अकाल है, भुखमरी है, टैक्सों का बोझ है, फिजूलखर्ची है, भ्रष्टाचार है, चोर-बाजारी है, उखाड़ो कांग्रेस की सरकार को, इसके एकाधिपत्य को तोड़ो, फिर आगे देखा जायगा, जो होना होगा वह होगा। जब उत्तर प्रदेश में, उसी तरह से बिहार में, उसी तरह से बंगाल में कांग्रेस बहुमत में नहीं आई तब विरोधी दलों की आंखें खुलीं कि संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और डा० राम मनोहर लोहिया जो कहते थे वह सत्य था और अब कम से कम हम मिल कर के सरकार बनायें। एक कहावत है कि दिन भर का भूला भटका शाम को घर आ जाय तो कोई उसका दोष न ीं है। सभी गैर-कांग्रेसी दल चुनाव के बाद हमारे इस अकाट्य तर्क को मान कर एक मंच पर आ गये। उत्तर प्रदेश में संयुक्त विधायक दल का गठन हो गया, उससे हम गौरवान्वित हैं और गर्व के साथ कहना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में संयुक्त विधायक दल ने जो न्यूनतम कार्यक्रम बनाया था उसकी प्रतियों को कांग्रेस के लोग मंगा कर के पढ़ें। हमने कांग्रेस के कुछ प्रतिष्ठित नेताओं के पास उन प्रतियों को भेज दिया था कि वे पढ़ें। सात आठ दिन तक सभी पार्टियां जो कांग्रेस की विरोधी पार्टियां थीं उनके दो दो प्रतिनिधि बैठे हैं, एक एक इश्यू पर बहस हुई है और बहस-मुबाहिसा के बाद एक न्यूनतम कार्यक्रम

[श्री राजनारायण]

बना। यह सही है कि जब न्यूनतम कार्यक्रम बना उस समय श्री चरण सिह जी नही थे।

(*Interruption*)

**श्री महावीर प्रसाद शुक्ल** (उत्तर प्रदेश) : यह न्यूनतम है या निकृष्टतम है।

**श्री राजनारायण :** महावीर प्रसाद शुक्ल जी, अनावश्यक आत्माराम की टें टें मत करो। तो मैं यह कह रहा था, माननीया . . .

**श्री चन्द्र शेखर :** एक प्रश्न आप से पूछना चाहूंगा, एक ही उत्तर दीजिए। यह जो राष्ट्रपति का शासन लागू हुआ है इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है या संविद जिम्मेदार है ?

**श्री राजनारायण :** माननीया, यह हमारे समय में से काट दीजिए। मै चन्द्र शेखर जी को धन्यवाद दूगा कि उन्होंने इस विषय मे जिज्ञासा के रूप मे जानने की इच्छा प्रगट की है। शुरू मे हमने कह दिया कि कांग्रेस केन्द्र मे हो गैर-कांग्रेसी सरकारें राज्यों में हो, फूटी आंख कांग्रेस इसे पसन्द नहीं करती। मैं केन्द्र की एक-एक निकड़म को खोल रहा हूं, उसको चन्द्र शेखर जी धीरज से सुने। पहली अप्रैल को राज्यपाल के अभिभाषण पर हमारे सशोधन पर वोट हुआ, चरण सिह कुछ लोगों को लेकर आ गए। यह सही है कि चरण सिह को लाने की हमने कोशिश की। यह सही है कि शायद उनके कमरे में उस समय हम न पहुंचे होते तो वे ठीक वोटिंग के समय प्रवेश न कर पाते क्योंकि बनारसीदास जो चन्द्रभानु गुप्त के सबसे बड़े दाहिने हाथ है उन्हे चारों ओर से घेरे हुए थे कि वोटिग का समय निकल जाय तब चरण सिह जा पाएं लेकिन हम लोग पहुंच गए और चौधरी चरण सिह को सदन में प्रवेश कराया, हमारा संशोधन पास हो गया, कांग्रेस का बहुमत गिर गया, चन्द्रभानु गुप्त जी ने इस्तीफा दे दिया। मैं चन्द्रभानु गुप्त की इस चीज की तारीफ करता हूं और यह बात मैंने उस दिन भी कही थी। राम चन्द्र विकल उस समय हमारे नेता थे। संविद में जन संघ, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, रिपब्लिकन पार्टी, स्वतंत्र पार्टी और जो निर्दलीय दल बना था उनके वहां के तमाम मेम्बरान शामिल हुए, सात पार्टियां उसमें शरीक हुई, 7 पार्टियो के प्रतिनिधियो के उस कार्यक्रम पर हस्ताक्षर हैं, उसकी एक कापी मै आपको भेज दूंगा, उसको आप पढ़ने की कृपा करें। कही किसी के चुनाव घोषणापत्र की न तो उसमें तिलांजलि थी, और न तिरस्कार था। किसी का रहा हो मै नही जानता, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी का नहीं था। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी मे आम चुनाव के समय जो घोषणापत्र बनाया था उस घोषणापत्र की खास-खास बातों का उसमें समावेश है, कम्युनिस्ट पार्टी ने भी जो बनाया था उसकी भी खास-खास बातों का समावेश है, जन संघ का भी है, स्वतंत्र पार्टी का भी है, सबकी खास-खास बातें आ गईं और न्यूनतम कार्यक्रम बन गया। यह सोचा था कि हमको गैर-कांग्रेसवाद चलाना है। गैर-कांग्रेसवाद और गैर-कांग्रेसी सरकारें ये दोनों दो चीजे है। गैर-कांग्रेसी सरकारें भी गैर-कांग्रेसवाद तत्परता से चलाने से भाग सकती है। इसलिए यह न समझा जाय कि गैर-कांग्रेसी सरकारें जो है वही गैर-कांग्रेसवाद है। गैर-कांग्रेसवाद क्या है ? कांग्रेस ने हमको विरासत में क्या दिया ? अकाल, भुखमरी, महामारी वगैरह। तो जो राज इसको हटा कर लोगों का पेट भरे, लोगों को कपड़ा दे, मरीज को दवा दे, बेघर को घर दे वही गैर-कांग्रेसवाद को चलाएगा। चरण सिह जी आए तो रामचन्द्र विकल ने बाइज्जत प्रस्ताव पेश कर दिया कि चरण सिह पुराने मंजेमंजाए है, उनको मुख्य मंत्री

बना दिया जाय, हम नेता पद से इस्तीफा देते हैं, चरण सिंह जी नेता बन गए । रात को राज्यपाल के पास चिट्ठी भेजी गई । श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी का टेलीफोन खटक गया । 2 अप्रैल की बात कर रहा हूं । एक बजे रात में खबर लगी कि राज्यपाल . . .

**उपसभापति :** आपने कहा 2 अप्रैल । कौन सी 2 अप्रैल ?

**श्री राजनारायण :** 2 अप्रैल 1967 ।

**श्री विद्या चरण शुक्ल :** 1 अप्रैल की बात तो नहीं है ।

**श्री राजनारायण :** 1 अप्रैल को कांग्रेस सरकार गई । अब 2 अप्रैल को हमको यह खबर लगी टेलीफोन की कि प्रधान मंत्री वाराणसी जा रही है और राज्यपाल को वाराणसी बुलाया गया है कि राज्यपाल वाराणसी में आकर उनसे मिलें । सुबह ठीक $5\frac{1}{2}$ बजे बिना पहले से कार्यक्रम निश्चित किए हुए मैं राज्यपाल महोदय के पास चला गया, यों ही धोती कुर्ता पहने । राज्यपाल साहब जा रहे थे . . .

**श्री चन्द्र शेखर :** घूमने जा रहे थे ?

**श्री राजनारायण :** मैं नहीं कह सकता, शायद गजी में ही रहा होऊं ।

राज्यपाल महोदय जाने के लिए उतर रहे थे, पूछा कैसे आए । हमने स्मृतिपत्र दे दिया और कहा कि आप वाराणसी मत जाओ, आज चरण सिंह को शपथ दिलाओ, हमारा बहुमत है, आप राष्ट्रपति के शासन को लागू करने के लिए बुलाए जा रहे हो, कहीं गलती से ऐसा दुष्कर्म मत करना, वरना सारे राज्य में आग लग जायगी । उन्होंने कहा कि राजनारायण जी, हमको जाने दीजिए, हम विश्वनाथ पुरी आ रहे हैं; हो सकता है कि शंकर भगवान के दर्शन करने से जो आप चाहते हैं वैसी ही हमारी बुद्धि हो जाय । वे जल्दी ही 2 बजे लौट आए और 3 अप्रैल को चरण सिंह को बुला कर मुख्य मंत्री पद की शपथ दिलाई । 6 तारीख को मंत्रिमंडल गठित हुआ । सभी दल थे । अब गाड़ी चली, मगर यहां की कांग्रेस सरकार के दिल पर सांप लोटने लगा, चन्द्रभानु गुप्त, श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी, श्री दिनेश सिंह सोचने लगे कि पृथ्वी हमारे पैर के नीचे से खिसक गई, अब संविद की सरकार बन गई । जो न्यूनतम कार्यक्रम था वह जनता के लिए आकर्षक बना हुआ था, जनता उस कार्यक्रम को लेकर फूल रही थी—यह मर्म था । हमें अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि चौधरी चरण सिंह जो 20 साल तक कांग्रेस के शासन के अंग थे, उन्होंने अपना दिमाग नहीं बदला, चरण सिंह का दिमाग और चरण सिंह का व्यवहार ये दोनों हो गए कांग्रेसी और संविद का कार्यक्रम हो गया गैर-कांग्रेसी । अब दोनों में कन्ट्रेडिक्शन हो गया, दोनों में परस्पर विरोध हो गया । यह परस्पर विरोध चलता गया, तनाव चलता गया । उनसे कहा गया कि संविद के कार्यक्रम में लिखा हुआ है कि किसानों का लगान माफ होगा और 20 एकड़ तक की उपज पर कोई नया बोझ नहीं डाला जायगा, इस काम को पूर्ण करो । मुझे अफसोस है कि हमारे आदरणीय नेता डा० राममनोहर लोहिया इस समय जीवित नहीं हैं, उन्होंने आज्ञा दी कि इस काम को करना ही है और यदि यह काम नहीं किया गया तो सरकार के स्थायित्व से हमारा मतलब नहीं होगा, हमारा काम है गैर-कांग्रेसी सरकार बनाओ, उससे अपना कार्यक्रम पूरा कराओ और यदि वह कार्यक्रम पूरा न करे तो ऐसी सरकार को गिराओ । हमारे चुनाव घोषणापत्र में, माननीया, बिल्कुल साफ लिखा हुआ है कि 6 महीने के अन्दर-अन्दर अगर यह काम न हो जाये तो भले ही गैर-कांग्रेसी सरकार जाय उसमें हमें कोई

[श्री राजनारायण]

एतराज नहीं है । हमने चौधरी चरण सिंह से सफाई से कहा कि किसानों का लगान माफ करना होगा । माननीया, हम ठोस हैं, हमने कांक्रीट तिथि बांधी कि जिस दिन सरकार शपथ लेगी पहले दिन क्या करना होगा, छात्रों, सभी राजनैतिक बन्दियों को रिहा करना होगा, अंग्रेजी को प्रशासन के हर क्षेत्र से हटाना होगा और फलां फलां काम पहले दिन करना होगा ।

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** (उत्तर प्रदेश): उर्दू भी तो थी इन बातों में, वह कहां गई ?

**श्री राजनारायण :** घबड़ाओ मत, कुछ छिपाऊंगा नहीं । यह सही है कि हमारे न्यूनतम कार्यक्रम में उर्दू राज्य की दूसरी भाषा मानी जायगी, यह बाकायदा लिखा हुआ है, मगर जन संघ ने अपना डिस्सेन्ट लिख दिया था कि हम इतने अंश को नहीं मानेंगे ।

**श्री सी० डी० पांडे** ( उत्तर प्रदेश ) : फिर संविद नहीं रही ।

**श्री राजनारायण :** संविद के सभी घटक उससे सहमत थे लेकिन जन संघ ने कहा कि हम इसके इस अंश से असहमत हैं कि उर्दू राज्य की दूसरी भाषा रहेगी ।

**श्री सी० डी० पांडे :** यही तो सारा सवाल है ।

**श्री राजनारायण :** उसमें 57 मदें हैं, उन 57 मदों में से केवल एक मद पर जन संघ की असहमति थी, बाकी सभी मदों पर जन संघ सहमत था । माननीया, मैं इसको साफ कर दूं, थोड़ा समय दे दें । जहां तक संसोपा का सवाल है, हमने कहा कि लगान माफ करो और दस एकड़ तक के किसानों पर नया बोझ न डालो । स्वतंत्र पार्टी और जन संघ दोनों तैयार नहीं थे, क्योंकि चाहते थे कि लगान सभी किसानों का माफ हो तो राजा साहब मनिकापुर का भी माफ हो, राजा साहब बलरामपुर का भी माफ हो, राजा साहब प्रतापगढ़ का भी माफ हो, राजा साहब कालाकांकर का भी माफ हो । हमने कहा कि हम यह मानने के लिये तैयार नहीं हैं, सिर्फ अलाभकर जोत, अन-एकनामिक होल्डिंग्स का लगान माफ हो । इस पर हमको समझाया गया कि राजनारायण इस बात पर इसको मत तोड़ो और मान जाओ, तो यह हुआ कि लगान माफ हो और 20 एकड़ तक के किसानों पर कोई नया बोझ नहीं डाला जायगा । कई दिन तक इस पर बहस हुई क्योंकि संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने कहा कि रोज़ ही राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को बढ़ाने का सवाल आता है, रोज़ ही तनख्वाहों में बढ़ोत्तरी का सवाल आता है, रोज़ कीमतें चढ़ती जाती हैं, तो एक दाम बांधो, एक दाम नीति बनाओ कि लागत खर्चे के डेढ़ गुने के अन्दर ही चीजों की बिक्री हो, जैसे कि चार पैसे बोतल मिट्टी का तेल बनता है तो ज्यादा से ज्यादा छ: पैसे बोतल वह बिके, जैसे कि अगर दो आने की कोई तपेदिक की सुई बनती है तो तीन आने की वह बिके, 9 आने सेर चीनी अगर बनती है तो 9 आने का डेढ़ गुना यानी साढ़े तेरह आने से वह बिके । तो यह तमाम व्यवस्था हुई । बड़ी बहस हुई कि कैपिटल फार्मेशन कैसे होगा, पूंजी का निर्माण कैसे हो, मगर बहस के बाद सभी दलों ने एक स्वर से माना कि लागत के डेढ़े के अन्दर ही इंसान की जिन्दगी की जरूरी चीजें बेची जाएंगी। उसी तरह से सवाल आ गया गल्ला संग्रह का । यह सही है कि जन संघ शुरू में कहता था कि स्टेट गल्ले का व्यापार न करे, स्टेट को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये, मगर एक हफ्ते तक एक साथ बैठने पर, बहस मुबाहिसा करने पर जन संघ हमारे मत का हो गया कि अगर एक संतुलित दाम नीति हो और अगर गल्ला सौ रु० है तो उसका दाम 100 रुपये से साढ़े बारह ऊपर जाय या सौ रुपये से साढ़े बारह नीचे जाय तो स्टेट का फर्ज होगा कि गल्ले के व्यापार में हस्तक्षेप करे । तो यह

सब उसमें लिख दिया गया । यह किया एक राय हो कर । अब आगे यह कहा जाय क्या सभी मुद्दे एक स्वर मे तय हुये तो हम छिपाना नही चाहते है । कुछ दिनों के बाद जब प्रोक्योरमेंट चला, गल्ला वसूली हुई तो लाखों लाख पर्चे जन संघ की ओर से बंटे कि गल्ले की वसूली सरकार को नही करनी चाहिये । इस पर फिर संविद की एक बैठक हुई, संविद में हमने कहा कि जब इस बात को माने हो कि यह कार्यक्रम हम स्वीकार करते हैं तो आप ऐसे पर्चे क्यों बांट रहे हो । वह समझ गये और इसके बाद चुपचाप हो गये । उस के बाद लगान माफी का सवाल आया, फिर जन संघ से एक पर्चा चला कि लगान सम्पूर्ण माफ हो जायगा तो कलेक्टिव फार्मिंग चल जायगी, भूमि किसानों से छिन जायगी, हमने समझाया, हम समझ नही पाये कि जिस कार्यक्रम को मान चुके हैं उसके विरोध में जनता के बीच मे क्यों जा रहे है। तो यह तनाव बढ़ता गया और श्री चरणसिंह का भी अपना दिमाग है, उनकी भी अपनी मान्यतायें ह, उन्होंने कहना शुरू किया कि लगान तो हम माफ करेंगे ही नहीं सम्पूर्ण । उन्होंने कहना शुरू किया कि हमने राज नारायण और डाक्टर राममनोहर लोहिया को जो आश्वासन दिया वह अंडर ड्युरेस दिया । हमने कहा कि एक मुख्य मंत्री तुम हो, तुमने चिट्ठी लिखी है कि दो रुपये तक लगान जिन पर है वह सम्पूर्ण माफ, सवा छः एकड़ तक किसानों का आधा माफ, अब एक मुख्य मंत्री होते हुये क्या कह रहे हो कि अंडर ड्युरेस किया, हमने दबाव में किया, इसलिये हमने कहा कि हमारे मंत्री इस्तीफा दे देंगे अगर तुम अपने वचन का पालन नहीं करोगे, हम सरकार के लिये नहीं हैं, सरकार हमारे लिये है, जनता सरकार के लिये नही है, सरकार जनता के लिये है, । तो हमारे मंत्रियों ने इस्तीफा दिया । फिर श्री चरण सिंह ने कहा कि नहीं अब हम ऐसा कर देंगे । फिर ये लोग चले गये । कम्युनिस्ट लोगों ने भी इस्तीफा दे दिया लेकिन फिर वह चले गए । यह 25 अक्तूबर की बात है, मगर चले जाने के बाद 26 अक्तूबर को जो उनको घोषणा करनी थी उस घोषणा को नही किया, वह नट गये और लगे टालने लगे टालने । मैं जरा कहना चाहता हूं आज अपने कांग्रेस दल के सम्मानित सदस्यों से कि जरा यह आचरण अपने में अख्तियार कर के अपनाओ, क्या कारण है कि श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी और श्री चव्हाण इस सदन में आश्वासन दें कि इन राजाओं का प्रिवीपर्स समाप्त किया जायगा और वह आज तक समाप्त नही हो सका और कांग्रेस के लोग कायर की तरह बैठे हुये उस सरकार का समर्थन करते रहे, क्या कारण है कि कांग्रेस के प्रस्ताव में यह आये कि बैंकों का समाजीकरण, राष्ट्रीयकरण हो और कांग्रेस की सरकार यह न करे और कांग्रेस के लोग कायर की तरह बैठे रहें । संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और संविद आज लोगों को चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि सरकार है, ठीक है, मगर सरकार ठीक काम नहीं करती है, कार्यक्रम को पूरा नही करती है तो ऐसी सरकार को जाने दो जहन्नुम में, कोई फिक्र न करो । यह एक नई नीति है, एक नई दिशा है, जिस नई दिशा को संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी बराबर डंके की चोट पर दे रही है ।

माननीया, इतना होने के बाद हमारा गया राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ, गया राष्ट्रीय सम्मेलन ने बाकायदा अपने मंत्रियों को हिदायत दी कि वह हट जांय, श्री चरण सिंह की सरकार प्रतिक्रियावादी है, दकियानूसी है, परम्परावादी है, इसने विश्वविद्यालयों में पुलिस का प्रवेश कराया, इसने विद्यार्थियों पर गोली चलाई, इसने मजदूरों के ऊपर गोली चलाई, और किसी की जांच तक नहीं हुई, इसने अपने वचन को तोड़ा, किसान का लगान माफ नही किया, इसलिये मंत्रि-परिषद

[श्री राजनारायण]

के सदस्य 5 जनवरी तक इस्तीफा दे दें। माननीया, अब जरा देखा जाय बीच का तिकडम। इन्दिरा जी श्री चरण सिंह जी आज दोनों एक दूसरे की बड़ी तारीफ करते हैं, इन्दिरा जी हम लोगों से यह भी कहती हैं कि चरण सिंह एक कुशल प्रशासक है। क्यों यह कहा। 16 दिसम्बर को या नवम्बर को—जरा ठीक कर लें—इन्दिरा जी का कार्यक्रम था रायबरेली में। वहां की जनता भाषा के सम्बन्ध में उत्तेजित थी और जो कहती थी कि इन्दिरा जी भाषा विधेयक को ला करके अंग्रेजी को हमेशा हमेशा के लिये रखने की साजिश कर रही है, जो भारतीय जनता स्वतंत्रता प्रेमी थी, जो लोकशाही के लिये लोकभाषा को प्रतिष्ठित करना ज़रूरी समझती है, जो कहती है कि बिना लोक भाषा के लोकशाही चल ही नही सकती, जो गांधी की अनुयायी है, जो तिलक की अनुयायी है वह कहती है कि अंग्रेजी को हटाओ, अंग्रेजी विदेशी भाषा है, गैर-मुल्की भाषा है, अंग्रेजी साम्राज्यवाद को प्रतिष्ठित करने के लिये इस मुल्क में लाई गई, तो वह जनता उत्तेजित हुई, इन्दिरा जी वहां नहीं गई। अब उनके कार्यक्रम को राजनारायण को पूरा करना होगा तो राजनारायण पहुंच गया। वहां प्रस्ताव हुआ कि श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा दें। उसको इन्दिरा जी ने अपनी निजी इंसल्ट समझी, बेइज्जती समझी और चरण सिंह जी को कहने लगी कि हमारा कार्यक्रम रायबरेली में होगा, वाराणसी में होगा, 2 और 3 जनवरी को। 2 जनवरी को रायबरेली में और 3 जनवरी को वाराणसी में। वाराणसी में इन्दिरा जी का कार्यक्रम हुआ। वहां के अधिकारियों ने, वहां की जनता ने, सब ने कहा कि श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी यहां पर न आयें क्योंकि वातावरण उत्तेजित है, यहां शान्ति-व्यवस्था भंग होगी, मगर चौधरी चरण सिंह जी केन्द्र के प्रधान मंत्री के अंकुश में इस ढंग से फंस गये कि उन्होंने जनता की उपेक्षा की, वहां उन्होंने अधिकारियों की उपेक्षा की। इन्दिरा जी ने कहा कि हमारा कार्यक्रम पूरा कराना ही है, चरण सिंह जी ने कहा कि अच्छी बात है मैं पूरा करवाऊंगा ही, नतमस्तक हूं। उन्होंने प्राणायाम कर दिया केन्द्र के सामने। हम नही चाहते थे कि हमारा मुख्य मंत्री, उस सरकार का मुख्य मंत्री जिसमें हमारा हिस्सा है वह ऐसा करे, ऐसे निकम्मे केन्द्र के सामने नतमस्तक हो, उसकी बुराइयों को आगे बढ़ाने के लिये तैयार हो। क्या डंडे चले हैं श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी और चरण सिंह जी के समक्ष छात्रों पर, इलाहाबाद छात्र यूनियन का प्रेसिडेंट बुरी तरह पीटा गया, उसका हाथ तोड़ डाला गया, बूटों से रौंदा गया उनकी छातियों पर चढ़ चढ़ कर। तो यह 2 जनवरी की घटना है।

**उपसभापति** : आपने आधा घंटा ले लिया है।

**श्री राजनारायण** : माननीया, जरा थोड़ा सा समय और। 3 जनवरी को मैं गया से अपना सम्मेलन समाप्त कर के आ रहा हूं। गया से ज्यों ही वाराणसी पहुंचता हूं दो जगह गिरफ्तार हुआ रात के साढ़े चार बजे और साढ़े पांच बजे, फिर साढ़े छः बजे मैं वाराणसी शहर में स्थित अपने मकान पर पहुंचता हूं तो चार सौ पुलिस जवानों ने घेर लिया। जो आगे हुआ वह छोड़ रहा हूं। कहा गया कि विश्वविद्यालय क्षेत्र में मत जाओ, श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी उड़न खटोले में आयेंगी, उड़न खटोला हमने हिन्दी अनुवाद किया है हेलिकाप्टर का, तो वह बाबतपुर हवाई अड्डे पर उतरीं और हेलिकाप्टर से वहां से उड़न खटोले में, श्री चरण सिंह जी के साथ पहुंची, विश्वविद्यालय गई और वहां पहुंची...

**श्री भूपेश गुप्त** : आप तो हिन्दी प्रोटागोनिस्ट है, हैलीकोप्टर क्यों बोलते हैं।

**श्री राजनारायण** : हेलीकोप्टर मानी उड़नखटोली । पुराना शब्द है । कर्ण सिंह जी जानते हैं, वह जानकर आदमी हैं । अब बनारस विश्वविद्यालय का नक्शा उनके सामने है, वहां मैदान में उतरती है उड़नखटोली और प्रधान मंत्री वहां जाती हैं । क्या थी वजह, क्यों इंडियन साइन्स कांग्रेस का उद्घाटन करने के लिए जाती हैं प्रधान मंत्री महोदया । हम सम्पूर्णानन्द को, भूतपूर्व राज्यपाल को और भूतपूर्व मुख्य मंत्री को एड्रेस कर चुके हैं कि प्रधान मंत्री के सलाहकार को यह सलाह नहीं देनी चाहिए कि वह आएं। अगर उन्होंने साइन्स कांग्रेस में आने से इन्कार कर दिया होता तो क्या बिगड़ता । क्या मार पड़ी, पांच हजार के करीब पुलिस वहां की धवल धरा को धूसरित करने के लिए पांच दिन पहले से एकत्रित होने लगी. . . .

**उपसभापति** : समाप्त कीजिए ।

**श्री राजनारायण** : मै बहुत जल्द खत्म कर रहा हूं, ज्यादा समय मैं नहीं लूंगा । मुश्किल से दस पांच मिनट लूंगा ।

**उपसभापति** : आप कहते थे आधा घंटा।

**श्री राजनारायण** : मैं कुछ कहना चाहता था माननीया, लेकिन अब हम उस प्रश्न को छोड़ रहे है । हमने ऐतिहासिक काम किया है, हमने सही काम किया है, हमने कहा जो सरकार नालायक और निकम्मी है, वह सरकार गिरी है । आज मैं फिर कहना चाहता हूं, अगर चरण सिंह अपने पुराने कुकर्मों का प्रायश्चित करते हैं और न्यूनतम कार्यक्रम को पूरा करने के लिए वायदा करते हैं, निश्चित अवधि के अन्दर उसको पूरा करते हैं तो हमें कोई एतराज नहीं, हम फिर उनको मुख्य मंत्री मानने के लिए तैयार हैं । लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता हम मानने के लिए तैयार नहीं हैं ।

अब राष्ट्रपति शासन क्यों लागू हुआ, सीधा सवाल है । क्या यह जनतंत्र है, क्या यह संविधान है ? श्री चरण सिंह ने 17 फरवरी को इस्तीफा दे दिया । संविद अभी बहुमत में है । माननीया, आप इस चीज को मान चुकी हैं कि बहुमत या अल्पमत, इसका सबसे बड़ा निर्णायक-स्थल है सदन । संविद बहुमत में है, कांग्रेस बहुमत में नहीं आई, संविद ने अपना नेता चुन कर रामचन्द्र विकल को ज्योंही. . .

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** 'उत्तर प्रदेश' : यही गलत आप कह रहे हैं ।

**श्री राजनारायण** : झूठ मत बोलो ।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** : आप असत्य बोल रहे हैं । सदन में सत्य बोलना चाहिए, असत्य नहीं ।

**उपसभापति** : अब आपको समाप्त करना होगा ।

**श्री राजनारायण** : पांच मिनट से ज्यादा नहीं ।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** : कोई एक नेता एकमत से नहीं चुना आपने ।

(*Interruption.*)

**श्री राजनारायण** : दिल से । अच्छा झूठ नहीं असत्य । मैं मानता हूं, झूठ तो अंग्रेजी में लिख दिया गया है कि अन्पार्लिया-मेन्टरी है । इसी लिए उसको असत्य मानो । देखो हम कितने मस्तिष्क के गुलाम हैं. . .

**संसद्-कार्य तथा संचार विभागों में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : झूठ शब्द को वापस लीजिए ।

**श्री राजनारायण** : झूठ वापस, असत्य प्रतिष्ठित । यह झूठ तो हमने उनके लिए कहा ।

**श्री विद्या चरण शुक्ल** : झूठ फिर कह गए ।

**श्री राजनारायण** : देखिए असत्य ज्यादा प्रबल है. . .

**श्री चन्द्र शेखर** : उनको बुद्धिबुद्धि से कोई मतलब नहीं है ।

**श्री राजनारायण** : तो रामचन्द्र विकल हमारे पहले के नेता थे, रामचन्द्र विकल बीच में हटे । 22 जनवरी का प्रस्ताव आप मंगा लें । मैं प्रिवलेज कमेटी में जाने के लिए तैयार हूं अगर असत्य कहता हूं । 22 जनवरी, 1868 का प्रस्ताव है जिसमें जन संघ है, कम्यूनिस्ट पार्टी है, भूपेश भी है, स्वतंत्र पार्टी है, रिपब्लिकन पार्टी है, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी है, संसोपा है, सभी पार्टियां है सभी छः पार्टियों के प्रतिनिधियों ने बाकायदा लिखा, चौधरी चरण सिंह जी या तो कार्यक्रम पूरा करें, कार्यक्रम के संबंध में सभी घटकों को एक करें । वरना इस्तीफा कर दें । रामचन्द्र विकल हमारे पहले के नेता हैं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: You must wind up now.

**श्री राजनारायण** : उसके बाद श्री रामचन्द्र विकल को नेता चुना । फिर राज्य पाल को क्या हक था कि रामचन्द्र विकल को नेता नहीं बनाया । रामचन्द्र विकल को नेता बनाना चाहिए था, उनको शपथ दिलानी थी, मगर रामचन्द्र विकल के साथ बहुमत नहीं थी तो वे निकल जाते . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: That will do.

**श्री राजनारायण** : . . . कांग्रेस को सत्ता देने के लिए, साजिश करके, इंदिरा के इशारे पर वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है ।

तो मैं इस प्रस्ताव का घोर विरोध करता हूं और चाहता हूं कि सदन का प्रत्येक प्रबुद्ध सदस्य इस प्रस्ताव का विरोध करे क्योंकि वहां पूरी स्थिति थी रामचन्द्र विकल को वहां का मुख्य मंत्री का पद दिला कर सरकार को चलाने के लिए । ऐसा नही करके वहां के राज्यपाल ने संविधान की हत्या की है और जनतन्त्र की अवहेलना की है ।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** : महोदया, मै माननीय गृह मंत्री जी ने जो प्रस्ताव इस सदन के सामने प्रस्तुत किया है उसका समर्थन करता हूं ।

महोदया, हमारे गाव में एक पुरानी मसल है कि किसी गांव में जो पूरा का पूरा गांव घास फूस की झोंपड़ियों से छाया हुआ था उसमे एक बुढ़िया नाराज हुई तो उसने एक जरा सी चिनगारी एक जगह रख दी और उस चिनगारी से सारा गांव जल कर खाक हो गया । जब सब गांव के लोग उस बुढ़िया से कहने लगे, तुमने यह क्या कर दिया तो उसने कहा मै बेचारी बुढ़िया इतनी सी आग कहां पाऊं ? मैंने तो जरा सी आग रखी थी । हमारे मित्र श्री राजनारायण जी ने इस सदन में जो भाषण दिया है वह भाषण इस सदन को कन्विन्स करने के लिए नही दिया बल्कि जनता में और अपने संविद के घटकों के सामने यह सफाई देने की कोशिश की है कि उन्होंने चौधरी चरण सिंह को त्यागपत्र देने के लिए क्यों विवश किया और इस बात को उन्होंने स्वीकार किया है कि उत्तर प्रदेश में तात्कालिक स्थिति जैसी हो गई है उसकी जिम्मेदारी उन पर है । जैसा कि मैंने पहले भी सदन के सामने कहा था, यदि किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है तो माननीय श्री राजनारायण जी की है और अगर वह किसी दल की है तो वह संसोपा की है । उन्होंने इस बात की चेष्टा की है और इस देश की जनता को इस बात के लिए मुतमईन करने की चेष्टा की है कि वह बात ठीक है । मै निवेदन करना चाहूंगा कि इस देश की जनता सजग और सचेत हो चुकी है, वह संविद की खिचड़ी सरकार के सारे तत्वों को समझ चुकी है । माननीया, यदि किसी गाड़ी में चारों तरफ तेज रफ्तार से चलने वाले इंजन लगा दिए जाये और हर इंजन पूरी रफ्तार से चालू कर दिया जाय तो कोई भी

इस बात का निष्कर्ष निकाल सकता है कि उस गाड़ी का चलना दूर रहा, उसके चीथड़े चीथड़े हो जायेंगे। उत्तर प्रदेश की सविद सरकार ने जिस न्यूनतम कार्यक्रमको लेकर कार्यारम्भ किया वास्तव में वह जनता के सामने एक महान धोखा था, वह निकृष्टतम कार्यक्रम था। हर एक व्यक्ति जो देश के शासन और प्रशासन की जानकारी रखता है वह समझ सकता था कि कोई कार्यक्रम ऐसा नही था जो कभी भी वह सरकार पूरा कर सके। संसोपा का कार्यक्रम, पी०एस०पी० का कार्यक्रम, जन संघ का कार्यक्रम, साम्यवादी दल का कार्यक्रम, स्वतन्त्र का कार्यक्रम और चालीस निर्दलियों का कार्यक्रम, क्या कभी एक हो सकता है, क्या कभी वह व्यवहार मे लाया जा सकता है ? आर्थिक दृष्टि से, प्रशासनिक दृष्टि से, राजनैतिक दृष्टि से, व्यावहारिक दृष्टि से, किसी भी दृष्टि से वह कार्यक्रम इम्पलीमेंट नही किया जा सकता था। ऐसी स्थिति में चरण सिह क्या कर सकते थे। स्वयं राजनारायण जी, स्वयं भूपेश गुप्त जी बैठ जाये, उस कार्यक्रम को वह पूरा नही कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश की जनता को धोखा दिया गया शासन की गद्दी में बैठने के लिए, केवल कांग्रेस के विरोध मे, जिससे कांग्रेस सरकार न आए। इस संकल्प को लेकर वह बैठे थे। एक दिन भी उत्तर प्रदेश की सरकार उस हालत मे नही चल सकती थी और इन दस महीनों में उत्तर प्रदेश की उस सरकार ने जो दिया उसको उत्तर प्रदेश की जनता ने देखा और उनके प्रति जनता का असन्तोष बढ़ रहा है, उनके प्रति दुर्भावना बढ़ रही है, घृणा बढ रही है। उनके झूठे वायदे थोथे साबित हो रहे हैं और उसका नतीजा यह हुआ कि ये लोग घबड़ाये और यह सोचने लगे कि किस तरह इस सरकार को हटाये और ऐसी स्थिति में केन्द्र को और कांग्रेस को गाली देकर यह बताने की चेष्टा करते हैं कि हम तो कार्यक्रम पूरा करना चाहते थे, बड़ा अच्छा नक्शा था, बड़ा अच्छा कार्यक्रम था लेकिन केन्द्र की सरकार उसको पूरा न करने की दोषी है। स्वयं माननीय सदस्य ने स्वीकार किया है कि वह मौजूद थे, उनके मन्दिर में गये थे . . . (*Interruptions*) उनकी उपासना तक के लिए उनको देवता मानते थे क्योंकि उनको कांग्रेस से डिफेक्ट कराना था।

**श्री राजनारायण** : मैं तो विभीषण को खोज ही रहा था। हमने कहा कोई विभीषण आए, रावणशाही का नाश हो।

**श्री महावीर प्रसाद शुक्ल** : . . . उनके कमरे में गए थे, लेकिन जब इनके डिक्टेशन पर उन्होंने इस देश के प्रधान मत्री को, इस गणतन्त्र सरकार के प्रधान मत्री को गिरफ्तार करने से नामंजूर किया और कहा यह गलत काम नही करेंगे, जब उसने आपत्ति शुरू की कि जो मंत्रिमडल मे सदस्य है उनका कर्तव्य है कि वह सामहिक कर्तव्यों का निर्वाह करके जो ठीक हो उसको माने तब यह स्थिति पैदा हुई। माननीया, क्या स्थिति है उत्तर प्रदेश की ? सरकार का प्रत्येक मंत्री अपने दलीय कार्यक्रम को चलाता था, अपने दल के कार्यक्रम को चलाता था। शासन मे कोई ऐसा आदेश नही बताया जा सकता है जो न्यनतम कार्यक्रम के अनुसार दिया जा रहा हो। उत्तर प्रदेश के शासन मे व्यक्तियो की नियुक्ति, आफिसरों का ट्रान्सफर, तबादला और सभी काम, नामजदगियां पब्लिक बाडीज मे, हर एक पार्टी अपना अपना करती थी। जन संघ के मत्री जन संघ वाले को करते थे, संसोपा के मंत्री ससोपा को करते थे। प्रत्येक पार्टी का मिनिस्टर अपनी अपनी पार्टी का चन्दा संग्रह करने मे लगा हुआ था और जनता के नाम की दुहाई देने वाले श्री राजनारायण जी सारे देश मे आग लगाने में लगे हुए थे और श्री चरण सिह की सरकार के सामने यह समस्या पैदा कर दी थी कि उत्तर प्रदेश के शासन को किस तरह से चलाया जाय। मैं श्री चरण सिह का

4 P.M. मुरीद नही हू, मै किसी डिफेक्टर का मुरीद नही हू।

[ श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल ]

माननीया, हमारे देश मे पिछले ग्राम चुनाव के बाद जो राजनैतिक स्थिति उत्पन्न हुई है, उसकी जिम्मेदारी विरोधी दलो के ऊपर है जिन्होने देश की जनता को सही मार्गदर्शन नही दिया । उन्होने तो जनता को केवल एक ही नारा दिया, "कांग्रेस को हटाओ, कांग्रेस को हराओ ।"

**श्री राजनारायण** : देश को बचाओ ।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** : देश को बचाने का काम कांग्रेस को हटाओ और कॉंग्रेस को हराओ के नारे लगाने से नही हो सकता है । देश को बचाने का काम, देश को एक सही दिशा देने से हो सकता है, एक रचनात्मक दिशा देने से हो सकता है । जनतात्रिक दिशा देने से, क्रियात्मक दिशा देने से, व्यावहारिक दिशा देने से और आर्थिक दिशा देने से हो सकता है । परन्तु इस तरह की कोई दिशा इन विरोधी पार्टियो ने नही दी । संसोपा जो ढिढोरा पीटती रहती है उसने जन सघ के साथ कम्प्रोमाइज किया उर्दू के सम्बन्ध मे और फिर खामोश हो कर बैठ गया । कम्युनिस्ट पार्टी जो वर्गहीन समाज मे विश्वास करती है, जो सिक्युलर समाज मे विश्वास करती है, उसने श्री चरण सिंह को इसलिए मुख्य मत्री बनाया ताकि वह अपना कार्यक्रम पूरा कर सके । पी० एस० पी० और सभी दलो का यही अभिप्राय था, आज भी यही है, कि गद्दियो मे आराम से बैठकर उसका लाभ उठाये और अपने दलगत कार्यक्रम को पूरा करें । जब जनता ने देखा कि वह कार्यक्रम पूरा नही हो रहा है तो उसमे असन्तोष बढा जिससे आपका हृदय कापने लगा । महोदया, प्रत्येक दल और जन सघ वाले इसी चेष्टा मे थे ।

**श्री राजनारायण** : गद्दी से तो हम हटे है, मगर हम चाहे तो आज भी चले जायें ।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** महोदया जन सघ वाले इस प्रतीक्षा मे थे कि उत्तर प्रदेश मे कांग्रेस पार्टी के मुकाबले मे दूसरी पार्टी के रूप मे वे हो जाये । समोपा के लोग भी समझते थे कि उनको होना चाहिये । कम्युनिस्टो मे तो इस बात का साहस नहीं था और निर्दलीय अलग अलग बटे हुए थे । इस तरह से इन दलो मे वहा पर होड चल रही थी और इसका नतीजा यह हुआ कि वहा का शासन बिल्कुल पैरालाइज्ड हो गया, उसमे लकवा मार गया और ऐसी स्थिति मे चरण सिह जैसे आदमी या किसी भी आदमी के लिए इस मुर्दे को ढोना मुश्किल हो गया। परिणाम वही हुआ जो होना था । जब चरण सिह ने देखा कि यहा का शासन नही चल सकता है तो उन्होने त्यागपत्र दे दिया । उन्होने अपने पत्र मे दस बाते लिखी थी जो कि सब अखबारो मे आ गई है, और मै उन बातो को यहा पर कह कर न अपना समय नष्ट करना चाहता हू और न ही सदन का समय नष्ट करना चाहता हू ।

माननीया, मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि पहली बात यह है कि गणतान्त्रिक परम्परा के अनुसार किसी भी कैबिनेट को, किसी भी मत्रिपरिषद् को सामूहिक रूप मे निर्णय करना होता है और एक दूसरे के प्रति इस तरह का व्यवहार करना होता है कि वे सब एक ही मत्रिपरिषद् के सदस्य है । (*Interruptions*) लेकिन वहा कोई भी ऐसा मत्री नही था जो निर्णयों की खिल्ली न उडाता हो और अखबारो तक मे ये बाते आती थी । इसलिए मै यह निवेदन करना चाहता हू कि यदि वहा इस तरह की बात हो और मंत्री स्वय रहते हुए कानून का उल्लघन करने के लिये दूसरी जगह जाये तथा साथ मे मत्री पद का भी लाभ उठाते रहे तो यह बात सभव नही थी । तो इस विडम्बना को देखते हुए, विवश होकर, गद्दी के मोह मे कांग्रेस को छोड कर जाने वाले चरण सिह ने भी त्याग-पत्र दे दिया । फिर उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने महोदया, मैं निवेदन करना चाहता हू नम्रता के साथ, मै इससे सहमत नही हू को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने तत्काल दूसरा इन्तजाम नही किया और 9 दिन तक सविद को

इस बात का मौका दिया कि वह दूसरा नेता चुने क्योंकि जो त्याग-पत्र देने वाले मुख्य मंत्री थे, उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि कोई दूसरा नेता चुना जाय। लेकिन जब दूसरे नेता चुनने की बात आई तो जो संविद के घटक थे जो उनके प्रमुख नेता थे, उनको इस बात का साहस नहीं था कि अपने दल के लोगों को इकट्ठा कर सकें और फिर नेता का चुनाव कर लें। क्योंकि जन संघ में, संसोपा में, पी० एस० पी० में, कम्युनिस्टों में, निर्दलीय पार्टी मे, सभी पार्टियों मे ऐसे ऐसे लोग थे जो चरण सिह के समर्थक थे और वे किसी अन्य आदमी के समर्थक नही थे। चुनांचे उन लोगों ने कहा कि हम खुद नेता का फैसला करेंगे और नेता लोग बैठकर जिसको कहे उसको नेता मान लिया जाय, इस चीज का उन लोगों ने विरोध किया। इसका परिणाम यह हुआ कि जब नेता लोगों ने कहा कि हम आपस मे नेता चुन लेते है, तो उनके दल वालों ने इसका विरोध किया। *(Interruptions)*

इस तरह से नेता का चुनाव करना जनतन्त्र के विरुद्ध है। प्रत्येक सदस्य को यह अधिकार है कि वह अपने दल के नेता को चुने। कार्य-कारिणी दल के नेता को चुने, यह गलत बात है इस तरह से वहां पर कोई नही चुना गया। उन्होंने सवेरे तो चरण सिह का नाम दिया और शाम को संविद ने श्री रामचन्द्र विकल का नाम दिया। इस पर स्वतन्त्र पार्टी के लोगों ने, कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने, पी० एस० पी० के लोगों ने जाकर कहा कि यह गलत चुनाव हुआ है। केवल 10 सदस्य उपस्थित थे जब कि श्री रामचन्द्र विकल का चुनाव हुआ। 236 सदस्य उस पार्टी में कहे जाते है और उस में से केवल 40 लोगों ने यानी एक बटा छठे हिस्से ने ही यह बात कही कि रामचन्द्र विकल को नेता चुन लिया गया है। ऐसे नेता को राज्यपाल कैसे मान ले और यह बात कैसे संभव थी? आपने आज तक भी अपना नेता नहीं चुना है। राज्यपाल ने अब भी आपको मौका दिया है कि यदि आपका बहुमत है तो आप अपना नेता चुनकर सरकार बनाइये। लेकिन मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप सभी मेम्बरों को बुलाकर एक नेता को चुन लीजिये। आप बहुमत से और एकमत से अपने नेता को नहीं चुन सकते हो। *(Interruptions)* एकमत की बात तो दूर रही, आप बहुमत से भी अपना नेता नहीं चुन सकते हो। जब आप सदस्यों को एकत्रित नही कर सकते, जब आप सदस्यों को बुला नही सकते, तो आप नेताओं के द्वारा अपना नेता नामजद करवाना चाहते हो, यह सम्भव नही है। *(Interruptions.)*



महोदया, मै इस माननीय सदन के सामने, इस देश के एक जिम्मेदार नागरिक तथा जिम्मेदार सदन के सदस्य की हैसियत से उत्तर प्रदेश में विरोधी पार्टियों में बैठने वाले सदस्यों को चुनौती के साथ कहना चाहता हूं कि यदि उनमें साहस है, यदि वे जनतंत्री परम्परा में विश्वास रखते है तो सब सदस्यों को बुलाकर अपना नेता चुन ले और बहुमत से चुनें। फिर भी उनकी सरकार न बने और कांग्रेस न माने, तब वे कह सकते है। लेकिन जब आप किसी को चुन नही सकते, जब आपके ही आदमी इसके विरोध में है, तो उत्तर प्रदेश के राज्यपाल जो उस प्रदेश में राष्ट्रपति के प्रतिनिधि की हैसियत से बैठे हुए है, जिनकी जिम्मेदारी 8 करोड़ जनता की भलाई को देखना है, जिनकी जिम्मेदारी है कि गणतंत्र अच्छी तरह से चले और संविधान में दी गई व्यवस्था के अनुसार चले, तो वे मूक बन कर आपका तमाशा और खिलवाड़ को नहीं देख सकते है। जब महीने दो महीने के बाद भी आप किसी को नही चुन सके और इस तरह से खेल-कूद करने के बाद भी आप अपना निजाम चाहते हो तो यह सम्भव नहीं है। इस बात को न जनता

[श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल]

स्वीकार करेगी और न अन्य कोई राजनैतिक दल स्वीकार करेगा। आज आपकी यह स्थिति है।

माननीया, यदि मैं यह कहूं कि राज्यपाल ने इस सम्बन्ध में भूल की कि जो उन्होंने कांग्रेस दल के नेता को नहीं बुलाया तो यह यथार्थ होगा। यह बात अधिक तर्कसंगत और युक्तिसंगत होती क्योंकि जो माननीय राजनारायण ने कहा कि बहुमत का निर्णय सदन के अन्दर होना चाहिये। यदि एक पार्टी का नेता यह कहे कि मेरे साथ बहुमत है और मैं सरकार बना सकता हूं, तो उसको मौका देना चाहिये था कि वह अपनी बात को सदन में सिद्ध करके दिखलाये कि उसका बहुमत है या नहीं। (*Interruptions.*) आपने किसी को चुना नहीं था, इसलिए उसने नामजद व्यक्ति को नहीं बुलाया क्योंकि उसके साथ कोई दल नहीं था। कांग्रेस के नेता के पास एक दल था और उसको बुलाया जाना चाहिये था और मौका दिया जाना चाहिये था ताकि सदन में इस बात की परीक्षा होती कि उसके साथ बहुमत है या नहीं। परन्तु फिर भी राज्यपाल ने उन्हीं कारणों से जिनका उल्लेख उन्होंने अपने निवेदन में जो राष्ट्रपति के पास भेजा है किया है, मैं उससे पूर्णतया सहमत नहीं हूं। कांग्रेस के नेता को नहीं बुलाया, फिर भी यदि उस के अनुसार राष्ट्रपति ने यह कदम उठाया है और उत्तर प्रदेश को फिर एक मौका दिया है कि वहा के राजनैतिक दल फिर सोच विचार करके उस प्रदेश को एक दृढ़ सरकार देने का अवसर प्रदान करें, तो मैं समझता हूं कि यह एक समर्थन करने वाली बात है। केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रपति को इस संबंध में जो सलाह दी है, वह उचित ही सलाह दी है। इसलिये मैं इस प्रस्तुत प्रस्ताव का हृदय से समर्थन करता हूं।

महोदया, मैं तन, मन और मस्तिष्क से निवेदन करना चाहता हूं कि एक दो बातें और हैं जिनका सीधा इस प्रस्ताव से सम्बन्ध न होते हुए भी, इस देश की राजनीति से संबंध है। पिछले आम चुनावों के बाद हमारे इस देश के अधिकांश प्रदेशों में विशेषकर उत्तरी भारत में जो राजनैतिक स्थिति उत्पन्न हुई है उसकी ओर इस सदन तथा संसद को और सारे देश को फिर से नजर डालने की आवश्यकता है। इस दलबदल के नाते आगे चल कर के हमारे विधान मंडलों के जो सभाध्यक्ष, अध्यक्ष लोग हैं और उनके जो कारनामे सामने आ रहे हैं वे इस बात का मौका देते हैं कि इस प्रदेश का यह सदन संसद इस बात पर विचार करे कि हमारे संविधान में ऐसी कौन सी खामियां, त्रुटियां और कमियां हैं जिनके कारण हम इस स्थिति का मुकाबिला नहीं कर सकते हैं। महोदया, मैं उन व्यक्तियों में हूं कि मैं चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी यह निश्चय करे— जो अभी भी इस देश की सब से बड़ी पार्टी है, अभी भी इस देश के केन्द्र में शासन करती है और अभी भी इस देश के बहुत से प्रदेशों में शासन करती है—कि कभी भी दलबदल करने वाले लोगों के साथ कोई सरकार नहीं बनायेंगे। इसलिये हम निश्चय करेंगे जैसा गीता में कहा है :—

"यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन:"

जैसा जैसा श्रेष्ठजन आचरण करते हैं वैसा ही अन्य लोग भी करते हैं।

महोदया, मैं मानता हूं कि कांग्रेस को इस देश के इतिहास में एक विशेष स्थान प्राप्त है। आजादी हासिल करने के बाद बीस वर्ष तक जो उसने निर्माण का कार्य किया है, जो उसने गौरव प्राप्त किया है उसके नाते उसका यह कर्तव्य है कि वह एक ऐसा आचरण देश के सामने रखे कि किसी भी प्रदेश में, उत्तर

प्रदेश हो या अन्य प्रदेश हो, वह डिफक्शस से दो, चार, बीस, पच्चीस या पचास लोगों को ले कर के सरकार न बनावें और अगर आवश्यकता हो तो कोयलिशन बनाय, समान विचार और कार्यक्रम वाले दलों के साथ यह उचित होगा। मगर डिफेक्शन से सरकार बनाने करने का नतीजा यह होगा कि दूसरी पार्टी मे डिफेक्शन होगा, इस पार्टी मे डिफेक्शन होगा और कभी भी इस देश के किसी कोने मे स्थायी सरकार नही बन सकेगी, शान्ति और व्यवस्था नही हो सकेगी और देश का कल्याण नही होगा और देश की आर्थिक, राजनैतिक और अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए यदि हमने ऐसी अव्यवस्था देश मे आने दी तो चारो ओर जो हमारे दुश्मन है, अन्दर भी विघटन करने वाले लोग है और बाहर भी हमारी ओर देखने वाले लोग है, उनका इलाज नही हो सकता। इस लिये काग्रेस के लिये यह निश्चय करना पडेगा और काग्रेस को त्याग का मार्ग अपने आप निषिद्धि का मार्ग अपनाना पडेगा। गद्दी म बीस वर्ष हम इस लिये थे कि हम पर एतिहासिक उत्तरदायित्व था और इस देश का शासन करना भी इस लिये चाहते है कि देश के कल्याण के लिये देश को आगे ले जाने के लिये हमारे पास एक नक्शा है महात्मा गांधी का दिया हुआ . . .

**श्री लोक नाथ मिश्र** (उडीसा) मैडम, यह जो कहते है अगर उसमे यह सचमुच विश्वास करते है तो हम इनसे अनुरोध करेगे कि राजस्थान की गवर्नमेंट प्योरली डिफेक्शन पर खडी हुई है और अगर उसको यह डिजाल्व करवा देगे, रिजाइन करवा देगे तो हम विश्वास करेगे कि जो यह बोलते है वह ठीक है।

**श्री महाबीर प्रसाद शुक्ल** : महोदया, यदि कोई विचार मै व्यक्त करता हू तो निश्चित रूपमे मै उस विचारका मानने वाला हू और मुझे यदि बनाना हो तो मै नही बनाऊगा, इतना ही मै कह सकता हू।

दूसरी बात मै यह कहना चाहता हू कि ये स्पीकर लोग जो सदनो मे ताला लगा रहे है, बन्द कर रहे है इसके सम्बन्ध मे सविधान मे क्या व्यवस्था करनी चाहिये इस पर भी इस सदन को, ससद को सोचना चाहिये।

इन शब्दो के साथ महोदया, मै निवदन करना चाहता हू कि जो कदम राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध मे उठाया है वही हितकर कदम है, उचित कदम है और वही एक अनिवार्य कदम था जिस की ओर उन्होने शासन को अग्रसर किया है। और कोई पार्टी वहा पर सरकार बना ले उसका हम स्वागत करेगे बशर्त वह एक सुदृढ और स्थायी शासन दे सके।

SARDAR RAM SINGH (Uttar Pradesh). Madam Deputy Chairman, first in Haryana, then in West Bengal and now in Uttar Pradesh, in quick succession democratic institutions are falling a prey to certain undemocratic forces which can thrive only when there are disturbances, chaos and instability The Communist Parties, the SSP and other left parties, in spite of their being in the Parliament and the State Legislatures do not seem to have any faith in the parliamentary institutions as is evident from their acts Same unfortunately is the case with some of the Congressmen who have not learnt to share power with others or to accept defeat once having been defeated at the polls They are too eager and that is why they are trying to conspire with all sorts of elements, for example in Punjab they formed the Janta Party and in Bihar the Soshit Dal It is a most unfortunate thing and is responsible for three States being under the President's Rule and it is anticipated that two more, *i.e* Punjab and Bihar, will go the same way in the near future.

Why are all these things happening? In U P the Congress was reduced to a minority as some senior and

[Sardar Ram Singh]

honest Congressmen led by Chaudhry Charan Singh crossed the floor few days after the last general elections. Subsequently SVD consisting of all the Opposition Parties was formed with a common minimum programme. It functioned smoothly for a few months. Then one of the units of the SVD—SSP—started getting impatient. They, as is known to everyone, openly started blackmailing the Chief Minister over issues like D.A., procurement and the cases of the State employees. The Chief Minister did not subject himself to this sort of blackmail. That is why the trouble started. Why did the SSP do that and why is it still continuing to behave in the same manner? I have to say with regret that they have almost become a cat's paw to the Communist Parties who are cashing on this. The SSP should be conscious of the Rapacki method which is being put into practice everywhere by the Communist Parties including India, *i.e.* to befriend parties around them first and then to gobble them up one by one finally leaving nobody in the field but themselves.

When the SSP withdrew their nominees from the SVD Ministry, the SVD was still not reduced to a minority as fortunately the SSP was not prepared to vote with the Congress. It had promised to support Chaudhry Charan Singh. But they were not behaving very well because they started doing unlawful activities. Actually Mr. Rajnarain also went on hunger-strike. So Shri Charan Singh resigned in sheer desperation. Nine days were given to the SVD to form a Ministry but they could not elect any leader. This sort of thing could not be tolerated for long and the Central Government dismissed the Ministry. Here by not dissolving the Assembly the Central Government with the help of the Governor has resorted to a partisan attitude. They have not done so obviously to instal the Congress into power as they successfully did in Rajasthan. This has been done to gain time with a view to weaning away some of the SVD MLAs which is now being done by offering all sorts of temptations. It is a complete travesty of parliamentary institu- [illegible] the one side we are discussion [illegible] of preventing defections, while on the other hand the Congress Party itself is encouraging defections.

Madam, I would strongly appeal to the good sense of the Central Government that if they want political stability in the State, they must dissolve the State Assembly immediately and call for fresh elections. If it is not done, I am doubtful whether we will have political stability in U.P. I hope therefore no time would be lost and the agony of the people of Uttar Pradesh will not be further prolonged by Central leadership and other politicians. Thank you.

SHRI BRAHMANANDA PANDA : Madam, by way of clarification, I want to know from the Home Minister whether it is a fact that because the Congress syndicate did not want Mr. C. B. Gupta to come to power in U.P., they did not give him a chance to form the Government and hastened the President's Rule in U.P.

THE DEPUTY CHAIRMAN: This is not the time to ask clarifications.

DR. M. M. S. SIDDHU (Uttar Pradesh): Madam, when Mr. Charan Singh became the Chief Minister, a prominent local daily of Lucknow remarked "Charan Singh byword of treachery". This was the remark in the leading editorial of the 'National Herald' of whose editor the whole country is proud of. I think you are also proud.

SHRI BHUPESH GUPTA: Not for writing such nonsense.

DR. M. M. S. SIDDHU: At that time what had happened had been narrated. Was it on the basis of joint responsibility that the Government was functioning? No, not at all. As has been pointed out by my friend Mr Shukla, each group and each Minister belonging to each group was acting by himself, not with in a sense of joint responsibility but as if he was the Government by himself and therefore what happened was that on the floor of the Assembly

the Socialist Party Members ventilated charges against the Jan Sangh Ministers, the Communist Party Members ventilated charges against the Jan Sangh Ministers and *vice versa*. It was a scene to see that charges were being levelled by one group against the other and were being challenged on the floor of the House that they were correct and they could substantiate them. For instance, the nominations to the Education Committee, the nominations to the Co-operative Committee, the way in which permit and licences from the Civil Supplies Department were given are clear examples of favouritism to bring more strength, using the office for strengthening the group.

SHRI NIREN GHOSH: Trying to outwit Mr. C. B. Gupta?

DR. M. M. S. SIDDHU: Mr. C. B. Gupta will not be such a person who by simply your wishes, you can be wiped out.

SHRI BHUPESH GUPTA: I know Mr. Gupta is to be given purses of Rs. 60 lakhs and even then he does not get wiped out.

DR M. M. S. SIDDHU: I will come to that too. As far as Mr. C. B. Gupta's behaviour and his respect for the democratic conventions are concerned, one can see them. When he found that he was not in the majority, then and there he declared that he was going to submit his resignation and he did so.

SHRI NIREN GHOSH: What other go he had?

DR. M. M. S. SIDDHU: You have another example of a similar nature in the Punjab and you know what was the difference between the two . . .

(*Interruptions*)

As far as the collection of funds is concerned, the collections have been made by persons and they have been acknowledged by receipt. It has been open to the Income-tax authorities and it is not something which is a hush-hush money. It has been collected on his birthday and it has been rightly collected by the admirers of Mr. Gupta . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: From Kanpur industrialists.

DR. M. M. S. SIDDHU: Not only from them but persons like myself have paid, and there are many more like myself . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: But also from Kanpur industrialists.

DR. M. M. S. SIDDHU: Whatever money has been collected has been collected through cheques which have been properly acknowledged.

SHRI BHUPESH GUPTA: I know that Mr. C. B. Gupta and Mr. Kamalapat are choosing nominees for the Rajya Sabha elections but you are not retiring.

DR. M. M. S. SIDDHU: You may have a prize for yourself, I have none. There is something to fall back upon. I belong to a profession and, therefore, these retirements or otherwise have no meaning. As far as the collection of funds is concerned a few weeks back the 'Organizer' wrote an article saying that Shri Charan Singh had collected Rs. 15 lakhs on his birthday and that other Ministers have also been collecting off and on.

SHRI AKBAR ALI KHAN (Andhra Pradesh) : That is a bad thing.

DR M. M. S. SIDDHU : Whether it is good or bad but it really shows that the persons have utilised the office for the purpose while the funds collected for Mr. C. B. Gupta were done when he was not in office or he was no longer a member of the Council of Ministers . . .

SHRI BHUPESH GUPTA : You mean that otherwise Rs. 30 crores would have been collected?

DR. M. M. S. SIDDHU : I do not know how much you would have contributed. Therefore the manner in which the S.V.D. Government was functioning was such which would have brought its own doom. It has died due to its own internal contradictions because there was neither any honesty of purpose nor a sense of responsibility. The law and order situation was brought to a situation

[Rr. M. M. S. Siddhu]

of which Shri Rajnarain himself has said that so many times students were mercilessly beaten, firing was resorted to and so on Does it speak well of any good government. As far as the question of honesty of purpose is concerned, for the sake of wiping away corruption, may I remind you, that Shri Charan Singh at one time had instituted a C.I.D. enquiry against the Deputy Mayor of the Lucknow Corporation and when he became the Chief Minister, then that very Deputy Mayor became the Deputy Chief Minister and the enquiry was withdrawn. Either the Chief Minister was right at that time when he instituted a C.I.D. enquiry into the conduct of the then Deputy Mayor or he was right when he withdrew it, it is for the House to form its own judgment. I will only say that the truth may be in both because he withdrew it because he was Deputy Chief Minister though there were certain allegations appearing in the Press, that needed investigation. Similarly they had made wild promises to the people that they would give the D.A. which had been asked for by the Government employees. If there was one major factor which was responsible for the reduction of the majority of the Congress Party, it was the attitude of the Government servants, especially when they demanded enhanced DA on equal terms or similar terms with that of the Central employees. What was the answer given? The very parties which did not want anyone to be arrested under the P.D. Act, arrested the very Government servants and their leaders. For about 3 or 4 months there were some protests within the parties but later on those very persons were dismissed. Where were the promises of these parties? The leaders of Government employees have already denounced most of the parties which had promised them that once they were elected to power and they formed a Government, they would give them fair and just treatment. As far as the retrenchment of the Government employees was concerned, Mr Bhupesh Gupta knows very well about it because he also fought their battle and he did not succeed. The promises that these very heterogenous groups gave to the people were not implemented by them. They were never keen themselves that they would ever implement them. They did not make any attempt to do so and when they found that the people were turning against them, then one by one, on one pretext or another, they wanted to withdraw and at the same time there was a queer incident that none of them wanted to take the blame that they want the non-Congress Government to go down and their result was that each group blamed the other for ushering in the Congress Government either in power or bringing the SVD Government down. And that was the dilemma in which most of the parties were. Meanwhile, Mr. Charan Singh's friends and his followers created a gulf between the various groups and within the groups themselves in the name of backward classes. The result was that the parties or groups found in their own ranks a cleavage. Still more the result was that at that time there was no responsible Government functioning nor there was any direction for that Government. Neither they gave any relief to the people.

Take for instance the good work that was done in the minor irrigation scheme in the regime of the Congress Government during the drought period. That work was not carried forward. Ask for what happened to the Social Welfare Department where many women were retrenched. Can any Government which stands for the upliftment of women, especially the illiterate people, ever think of retrenching those women who were serving in the Social Welfare Department, and others? What was the treatment which was meted out to the voluntary organisations? Ask whether it is not a fact that on many occasions the institutions, specially the educational institutions were threatened with disciplinary action, or their grants withheld because they did not toe the line of the Government. Are these things not known to people? They were known and, therefore, when Mr. Charan Singh tendered his resignation, the SVD went unwept

and unsure. There was a time and I could remember it—that, when the Congress Party was toppled, there was great jubilation. And when the SVD went there was a sense of remorse as well as jubilation, remorse because all the parties which had made promises found that they had failed to carry conviction with the people, and that was a bad day for them because it was Mr. Charan Singh who had brought all the parties together under his own personal leadership, and when he resigned unfortunately all the parties found themselves bereft of all their leaders, and the result was that there was neither Mr. Charan Singh nor Mr. Vikal who could claim himself to be the leader of the SVD. Neither there was any programme. Mr. Charan Singh, when he wanted to resign, or at times when he threatened to resign, his followers always thought how to strengthen Mr. Charan Singh through the threats of resignation. Attempts were made to bring those parties nearer through the threat of resignation. Ultimately the SVD is gone. Unfortunately, the long delay that has occurred for a constitutional Government to come in is something which is of a serious nature. For eight or nine days the Governor took his own time and gave chance to the SVD to elect its leader. He found himself faced with two names, Mr. Charan Singh and Mr. Vikal. He could not make up his mind either as to which one commanded the majority of the SVD, or whether the groups will support one or the other Later on, when Mr. C. B. Gupta told the Governor that he had a majority, then the Governor in his own way thought that the Government should be . . .

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) in the Chair.]

SHRI BRAHMANAND PANDA : Mr. Vice-Chairman, Sir, Mr. Mani has some important news to give the House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Let him finish.

DR. M. M. S. SIDDHU : The Governor came to his own conclusion; I quote:

"However, it is not only sufficient that a party or a group of parties in the Legislative Assembly should be in a position to command a majority for the time being, but in order to give stable Government to the State it is necessary that the majority should be fairly substantial so that a small movement of members from one side to the other, such as has been witnessed in this very State as well as in others in the last few months, may not deprive the Government of its majority in the Legislative Assembly."

Now this is something which is beyond the powers which have been given under the Constitution to the Governor. It is not the job of the Governor to find out whether there is a stable majority or a stable Government, or not. It is the function of the Legislative Assembly. Therefore, it should not be left to the sweet will of any Governor to find out whether a Government will be stable or not. If there is a working majority, then that party or the group of parties should be allowed to form the Government and face the Assembly.

SHRI B. D. KHOBARAGADE (Maharashtra) : Why don't you follow the same principle in West Bengal?

DR. M. M. S. SIDDHU : As a matter of fact, the principle in Bengal was—as you know it much better—it was this, it was the Speaker who stood in the way rather than anyone else. That point has been so much debated here. You have your opinion and I hold mine, but none of us can justify the action of the Speaker in that way.

SHRI B. D. KHOBARAGADE: Do you justify the action of the Governor, or not?

DR. M. M. S. SIDDHU : I do not stand for the Governor, my friend. I was going to say that the Governor is not the right person to find out whether a Government will be stable one or otherwise, whether it has stable majority, or not. Once he is told that the majority is there, it is on the floor of the Assembly that the

[Dr. M. M. S. Siddhu]

majority should be tested. Therefore I think that as far as the act of the Governor is concerned, for him during this period, to think that time should be given to one party or the other to make it more stable so that a stable Government could be had, is in my opinion, a wrong one. I can agree to the point that when Members to the Council of States have to be elected within a month or two months or three months no Legislature should be dissolved, and if dissolution has to take place, let it be after the bodies which are to be represented are represented. As far as that argument is concerned, I am ready to concede, but I for one will not like to concede the argument that a person or group of persons should be given time or that specially for that purpose the Legislature should be suspended so that, in the opinion of the Governor, there could be a stable majority or a stable Government formed.

Thank you.

SHRI A. D. MANI (Madhya Pradesh) : I want to say something.

SHRI BHUPESH GUPTA : Mr. Vice-Chairman, Sir, . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : It is perhaps important news. Mr. Mani wants to say something.

## REFERENCE TO THE STABBING OF MR. JUSTICE GROVER OF THE SUPREME COURT

SHRI A. D. MANI (Madhya Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, Sir I have this grievous news to give to the House because I was in the Supreme Court only about forty-five minutes ago, where a Judge has been stabbed in the open court by a member of the public, and an attempt was made to stab the Chief Justice also. Fortunately, the Judge concerned, Mr. Justice Grover, was taken to the Willingdon hospital by the Chief Justice himself. According to the information that was available in the Supreme Court, he had sustained only minor facial injuries. The man who stabbed has been arrested and kept in the Guard room; I myself saw the man in the Guard room.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : I am sorry to hear this stunning news given by Mr. Mani, and I would like the Government to make a statement on this subject as early as possible.

SHRI A. D. MANI : Before the House rises.

SHRI M. N. KAUL (Nominated) : Otherwise we will continue to sit till the statement is made.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): Mr. Bhupesh Gupta

## RESOLUTION *RE* PROCLAMATION UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION IN RELATION TO THE STATE OF UTTAR PRADESH—*continued.*

SHRI BHUPESH GUPTA: Mr. Vice-Chairman, Sir, as you know, I belong to a party which was for a time partner in the non-Congress Government of Uttar Pradesh. Even before the crisis developed we had to go out of the Government for reasons of certain principles to which I shall come presently. Much has been said about the situation there in Uttar Pradesh. I have also my views on this subject which I should like to state before the House. But before I proceed to say anything more on this particular subject, may I again congratulate the people of U. P. for their having defeated the Congress in the last general elections? Mr. Vice-Chairman, it was not a small thing that the Congress was defeated in India's biggest State which has now a population of nearly 90 millions, bigger than many of the countries in the continent of Europe. That Province or State used to be regarded as the fortress of the Congress. Congress Members were very proud that this State had been producing their Prime Ministers one after another, except the stop-gap one which was Mr. Gulzarilal Nanda. They were also proud of the fact that the Congress was returning a large number of M. Ps. to the Central Parliament and though in a diminishing scale, Members to the Legislative